राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–278/2023

राज्यपाल ने डॉ० श्रीकृष्ण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 21 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार केशरी स्व० डॉ० श्रीकृष्ण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में मुख्य सचिवालय, पटना के प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित विभिन्न मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी स्व० डॉ० श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....